
# कम्प्यूटर हार्डवेयर एवं नैटवर्किंग पर हुआ व्याख्यान का आयोजन




शाहाबाद में आर्य कन्या महाविद्यालय में छात्राओं को संबोधित करते मुख्य वक्ता। (आजाद)

शाहाबाद मारकंडा, 1 मई (मदन) : आर्य कन्या महाविद्यालय में करियर गाइडेंस एवं प्लेसमैंट सैल द्वारा कम्प्यूटर हार्डवेयर नैटवर्किंग एवं कंप्यूटर एप्लीकेशन विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया।

जिसमें अजय कुमार अध्यापक मुख्य वक्ता थे। महाविद्यालय की प्राचार्य डा. सुनीता पाहवा ने मुख्य वक्ता का स्वागत किया और छात्राओं को कंप्यूटर की उन्नत विशेषताओं को जानने के लिए प्रेरित किया।

मुख्य वक्ता ने छात्राओं को बताया कि इस समकालीन युग में ऐसा कोई क्षेत्र नहीं है जो कंप्यूटर के उपयोग से वंचित हो और कंप्यूटर हार्डवेयर एवं नैटवर्किंग संबंधित जानकारी दी।

सैल की संचालिका डा. हेमा सुखीजा ने दैनिक जीवन में होने वाले कंप्यूटर के उपयोग के कुछ उदाहरण दिए। व्याख्यान में लगभग 70 छात्राओं ने भाग लिया। मंच का संचालन अनमोल ने किया। इस अवसर पर गुंजन अरोड़ा, वीणा, स्वाति, हिमानी, प्रीति भी मौजूद थे।